roqrwqरजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06012026-269138
CG-DL-E-06012026-269138

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 74] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 6, 2026/पौष 16, 1947
No. 74] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 6, 2026/PAUSHA 16, 1947

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 2026

का.आ. 84(अ).—केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्यांक का.आ. 3549(अ), तारीख 30 दिसम्बर, 2015 के अधिक्रमण में, भारत सरकार में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 2765(अ), तारीख 20 जून, 2025 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण में एक प्रारूप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 20 जून, 2025 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के संबंध में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेप और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया है;

और, कैमूर वन्यजीव अभयारण्य बिहार के दक्षिण-पश्चिमी भाग में स्थित है और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक-आर्थिक और जैव विविधता का बहुत महत्व रखता है। यह दक्षिण में झारखंड की सीमा से लगी सोन नदी और पश्चिम में उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी कर्मनाशा नदी के बीच स्थित एक पठार है। कैमूर की पहाड़ियाँ अपनी अजेयता के लिए जानी जाती हैं, और यहाँ शेरगढ़ किला और

रोहतासगढ़ किला जैसे ऐतिहासिक किले हैं। इसमें कई गुफा चित्र, शिलालेख, मेगालिथ और प्राचीन मुंडेश्वरी मंदिर भी सम्मिलित हैं, जो भारत के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है। वन्यजीव अभयारण्य 1539.862 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, जो बिहार राज्य के रोहतास और कैमूर जिलों को घेरता है;

और, कैमूर वन्यजीव अभयारण्य को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (1972 का 53) की धारा 18 के अधीन बिहार सरकार द्वारा जारी का.आ. 1160, तारीख 20 जुलाई, 1979 को अधिसूचित किया गया था और इसका क्षेत्रफल 1520.095 वर्ग किलोमीटर है। अधिसूचना संख्या वन्यप्राणी-10/09-1006, तारीख 20 अप्रैल, 2010 तथा 18 मई, 2010 को प्रकाशित करके अभयारण्य क्षेत्र को 12.0176 वर्ग किलोमीटर बढ़ाकर आगे बढ़ा दिया गया। राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या 119(अ), तारीख 29 फरवरी, 2024 द्वारा 22.2502 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को विमुक्त कर दिया गया तथा 30 वर्ग किलोमीटर का अतिरिक्त क्षेत्र अभयारण्य में जोड़ दिया गया। यह अभयारण्य विंध्य पर्वत श्रृंखला के पूर्वी छोर पर स्थित है और इसकी पठारी भू-आकृतियाँ बिहार राज्य में अद्वितीय हैं और चेरो, उरांव और खरवार जैसी जनजातियाँ अभयारण्य के पठारी क्षेत्र में निवास करती हैं;

और, अभयारण्य समृद्ध और अद्वितीय जैव विविधता का समर्थन करता है जो तेंदुआ (*पेंथेरा पार्डस*), लकड़बग्घा (*हाइना हाइना*), गोल्डन जैकल (*कैनिस ऑरियस*), भारतीय भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस पल्लिप्स*), जंगली सूअर (*सस स्क्रोफा*), स्लॉथ बियर (*मेलर्सस यूरिसिनस*), चीतल (*एक्सिस एक्सिस*), सांभर (*सर्वस यूनिकलर*), हॉग हिरण (*एक्सिस पोर्सिनस*), चौसिंघा (*टेट्रासेरस क्वाड्रिकोर्निस*), नीलगाय (*बोसेलाफस ट्रैगोकैमेलस*), जंगली बिल्ली (*फेलिस चौस*) आदि, जैसी प्रजातियों का घर है। अभयारण्य कई पक्षियों और तितलियों की प्रजातियों का भी घर है, जैसे एशियाई कोयल, ब्लैक ड्रोंगो, ब्लैक काइट, ब्लैक-विंग्ड काइट, ब्राह्मणी मैना, कॉमन ब्रेल, यूरेशियन कॉलर वाले कबूतर, ग्रेटर काउकल, ग्रीन बी-ईटर, ग्रे फ्रैंकोलिन, पेंटेड स्परफाउल, पॉन्ड हेरोन, पर्पल सनबर्ड, रेड वेंटेड बुलबुल, रोज-रिंगेड पैराकीट और लाइम बटरफ्लाई, , लेमन पैंसी, पीकॉक पैंसी, ब्लू पैंसी, टैनी कोस्टर, कॉमन पियरोट, स्मॉल ग्रास येलो, कॉमन स्मॉल फ्लैट, येलो ऑरेंज टिप, कॉमन गल, द बैरोनेट, प्लेन टाइगर आदि;

और, अभयारण्य में पाई जाने वाली प्रमुख वनस्पतियाँ हैं: *स्केसिया कैटेचू, एडिना कॉर्डिफ़ोलिया, एगल मार्मेलोस, एनोगीसस लैटिफोलिया, एज़ाडिराक्टा इंडिका, डायोस्पायरोस मेलानोक्सिलोन, एह्रेटिया लाविस, फ़िकस बेंघालेंसिस, लेगरस्ट्रोमिया पारविफ़्लोरा, लैनिया कोरोमंडेलिका, फ़िलांथस एम्बलिका, सेन्ना सियामिया, सिज़िगियम क्यूमिनी, टर्मिनलिया टोमेंटोसा, बुकानानिया कोचिनचिनेंसिस, मधुका लोंगिफोलिया, सेमेकार्पस एनाकार्डियम, टर्मिनलिया बेलिरिका, अल्बिजिया लेबेक, बाउहिनिया वेरिगेट, बॉम्बेक्स सीइबा, बोसवेलिया सेराटा, टेरोकार्पस मार्सुपियम, टर्मिनलिया अर्जुन, राइटिया टिनक्टोरिया, कैसरिया टोमेंटोसा, शोरिया रोबस्टा, बुकानानियालानज़ान, केरिया आर्बोरिया* आदि;

और, कैमूर वन्य जीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट क्षेत्र, विस्तार और सीमा को पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव विविधता के दृष्टिकोण से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में संरक्षित और सुरक्षित रखना आवश्यक है और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्ग और उनके संचालन और प्रक्रियाओं को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खण्ड (v) और (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार राज्य में कैमूर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के आसपास के क्षेत्र को कैमूर वन्यजीव अभयारण्य, पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है अर्थात्:-

(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा: — (1) कैमूर वन्यजीव की सीमा से पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार शून्य से 5.83 किलोमीटर है, जिसमें 523.52 वर्ग किलोमीटर का पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र सम्मिलित है। पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिशाओं में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का शून्य विस्तार उत्तर प्रदेश के साथ अंतर-राज्यीय सीमा के कारण है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का सीमा विवरण **उपाबंध I** के रूप में संलग्न है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मानचित्र सीमा विवरण के साथ क्रमशः **उपाबंध II क, II ख, II ग** और **II घ** के रूप में संलग्न हैं।

(4) संरक्षित क्षेत्र और उसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांक क्रमशः **उपाबंध III** और **उपाबंध IV** के रुप में संलग्न हैं।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले कुल 252 ग्रामों की सूची **उपाबंध V** के रुप में संलग्न है, जिनमें रोहतास जिले के 108 और कैमूर जिले के 144 ग्राम सम्मिलित हैं।

2. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना : —

(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए, राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसाचना में दिए गए अनुबंधों का अनुपालन करते हुए स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर आंचलिक महायोजना को तैयार तथा अधिसूचित करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना को इस अधिसूचना में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी रीति में तथा सुसंगत विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धातों के अनुरूप, यदि कोई हो, तैयार किया जाएगा।

(3) आंचलिक महायोजना को उक्त योजना में पारिस्थितिकी तथा पर्यावरणीय विचारों को एकीकृत करने के लिए राज्य सरकार निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार किया जाएगा, अर्थात्:

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पंचायती राज और ग्रामीण विकास;

(v) पर्यटन;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(x) नगर पालिका; और,

(xi) लोक निर्माण विभाग; और

(xii) राज्य राजमार्ग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर तब तक कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं किया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हें अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) इस आंचलिक महायोजना में वनरहित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं के लिए उपबंध किये जायेंगे जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा सहायक मानचित्र के साथ प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देते हुए निर्धारण किया जाएगा ।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी के पैरा 4 में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन किया जाएगा और इसमें स्थानीय समुदाय की आजीविका की सुरक्षा के लिए

IndiaCode

पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास को भी सुनिश्चित किया जाएगा और संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-विस्तारी होगी।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना, मॉनीटरी समिति के लिए एक प्रति निर्देश दस्तावेज का काम करेगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अधीन मानीटरी के अपने कर्तव्यों के क्रियान्वित कर सके।

(10) आंचलिक महायोजना की तैयारी और अनुमोदन लंबित रहने तक, कोई भी नई विकासात्मक क्रियाकलाप अनुच्छेद 6 के उप-पैरा(1) और (2) में पहले से विनिर्दिष्ट उपाबंधों द्वारा शासित होंगी।

3. राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय : — राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्: -

(1) भू-उपयोग: — (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए अभिज्ञात उद्यानों और खुले स्थानों का प्रमुख आवासीय परीसर या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन नही होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर उपर्युक्त खंड (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न किसी अन्य प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मॉनीटरी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से और इस अधिसूचना के उपबंधों के द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) अवसंरचनाओं और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) ग्राम उद्योग सहित कुटीर उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और गृह वास सहित स्थानीय सुविधाएं; और

(v) पैरा 4 के अधीन दी गई संवर्धित क्रियाकलाप और संबंद्ध विनियमित क्रियाकलाप;

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर नियोजन अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के बिना एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के प्रयोग की अनुज्ञा नहीं होगी;

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आने वाली भूमि के अभिलेखों में उपसंजात किसी त्रुटि को, मॉनीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जा सकेगा और उक्त त्रुटि को सुधारे जाने की संसूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी;

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा:

परन्तु यह, वन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र जैसे हरित क्षेत्र में कोई कमी नहीं की जाएगी।

(ख) अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनरोपण तथा पर्यावास पुनरूद्धार कार्यकलापों के माध्यम से पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ;

(2) प्राकृतिक जल निकाय और झरनें: — सभी प्राकृतिक झरनों या नदियों या जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना निगमित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांत इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हैं या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध किया जाएगा।

IndiaCode

भूमिगत जल का दोहन केवल भूमि के स्वामी या कब्जेदार के वास्तविक कृषि और घरेलू उपयोग के लिए ही अनुमत होगा। किसी भी वाणिज्यिक, कृषि या पशुपालन प्रचालनों से जल स्रोत के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।

(3) पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन: — (क) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना एक घटक के रूप में होगी।

(ख) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ग) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(घ) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन, पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अधीन होगा।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्: -

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभिहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना और व्यापारिक प्रतिष्ठान अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसरण में होगा;

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना तैयार और अनुमोदित नहीं हो जाती, तब तक पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को स्थल-विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र में किसी नये होटल/रिजार्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) प्राकृतिक विरासत : — पारिस्थितिकी संवेदी जोन में बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिज़र्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) मानव निर्मित विरासत स्थल: — पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की परिसीमा पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) ध्वनि प्रदूषण: — पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का अनुपालन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अनुसरण में किया जाएंगा ।

(7) वायु प्रदूषण: — पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का अनुपालन, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14), और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में किया जाएगा।

(8) बहिस्राव का निस्सरण: — अनउपचारित बहि:स्राव तथा गंदे नाले का निस्सरण अनुमत है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहि:स्राव का निस्सरण, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसरण में किया जाएगा।

(9) ठोस अपशिष्ट: —ठोस अपशिष्टों का निपटान एवं प्रबंधन, निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसरण में किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थों का निपटान पर्यावरणीय स्वीकार्य रीति से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर अभिज्ञात स्थल पर किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरणीय अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जायेगा।

(10) जैव चिकित्सा अपशिष्ट: — जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, के अनुसरण में किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन: — पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन: — पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) ई–अपशिष्ट: — पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

14. यानीय यातायात: — यानीय यातायात को पर्यावास-अनुकूल रीति से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध निगमित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, मॉनीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अधीन यानीय यातायात के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) यानीय प्रदूषण: — यानीय प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण की अनुपालना लागू विधियों के अनुसरण में की जाएगी। स्वच्छ ईंधन जैसे संपीड़ित प्राकृतिक गैस, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) औद्योगिक ईकाइयां: —

(क) इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने के पर या उसके पश्चात् पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर किसी भी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों का संवर्धन किया जाएगा।

(17) पहाड़ी ढलानों का संरक्षण: — पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची .— पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों तथा पर्यावरण, वन और वन्यजीव से संबंधित भारत सरकार की अन्य अधिसूचनाओं, विधियों एवं अधिनियमों के उपबंधों तत्कालीन पर्यावरण एवं वन

IndiaCode

मंत्रालय की तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना सं. 1533 (अ) द्वारा प्रकाशित पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना और तत्समय प्रवृत विधियों में समय समय पर किए गए संशोधन, नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में शासित किए जाएंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयाँ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर, वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसमें मकानों के निर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और भ्रन्जक इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, जो टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई में डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 202/1995 के मामले में; तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश (आदेशों) के अधीन, जो गोवा फाउंडेशन बनाम यूओआई के डब्ल्यू.पी.(सी) संख्या 435/2012 और आईए संख्या 1000/2003 तारीख 03 जून, 2022 और उसके बाद आईए संख्या 131377/2022 निर्णय तारीख 26 अप्रैल, 2023 और 28 अप्रैल, 2023 के मामले में दिए गए थे; माननीय उच्चतम न्यायालय के तारीख 4 अगस्त, 2006 के आदेश (आदेशों) के अनुसरण में किए जाएंगे।
2	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) पैदा करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में नये उद्योगों की स्थापना और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी। विद्यामान उद्योगों द्वारा प्रदूषण निवारण प्रौद्योगिकियां और ध्वनि अवरोधक स्थापित किए जाने चाहिए।
3	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
4	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण।	प्रतिषिद्ध।
5	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण।	प्रतिषिद्ध।
6	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों के विस्तार की अनुज्ञा नहीं होगी।
7	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	प्रतिषिद्ध।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
9	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु व अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर

		या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों के स्थापना की अनुमति नहीं होगी: परंतु कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरुप सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करना होगा।
10	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर दायरे में या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, जो भी निकटतम हो, किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी: परंतु कि, स्थानीय लोगों को स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भवन उप-विधियों के अनुसार पैराग्राफ 3 के उप-पैरा (1) में उल्लिखित क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि पर निर्माण कार्य करने की अनुमति दी जाएगी: परंतु यह और कि प्रदूषण न फैलाने वाले लघु उद्योगों से संबंधित निर्माण संबंधी क्रियाकलापों को प्रयोज्य नियमों और विनियमों, यदि कोई हो, के अनुसार तथा सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति से विनियमित किया जाएगा और न्यूनतम ही रखा जाएगा। (ख) एक किलोमीटर के दायरे से आगे इसे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
11	लघु पैमाने के प्रदूषण न फैलाने वाले उद्योग।	केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 2016 में जारी उद्योगों के वर्गीकरण, समय-समय पर यथा संशोधित के अनुसार प्रदूषण न फैलाने वाले उद्योग, तथा पारिस्थितिकी संवेदी जोन से स्वदेशी सामग्रियों से उत्पाद बनाने वाले गैर परिसंकटमय, लघु एवं सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प-कृषि, बागवानी या कृषि-आधारित उद्योगों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा द्वारा लागू विधियों के अनुसार अनुमति दी जाएगी।
12	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर से वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई को संबद्ध केन्द्रीय या राज्य अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में विनियमित किया जाएगा।
13	वन उत्पाद या काष्ठेतर वन उत्पाद का संग्रहण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
14	विद्युत एवं संचार टावरों का निर्माण तथा केबल बिछाना एवं अन्य अवसंरचनाएं।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित (भूमिगत केबलिंग को बढ़ावा दिया जा सकता है)।

15	नागरिक सुविधाओं सहित अवसंरचना।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार शमन के साथ किया जाएगा।
16	विद्यामान सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार शमन के साथ किया जाएगा।
17	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के ऊपर हॉटर बलून, हेलीकॉप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स, आदि का उड़ान भरना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
18	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
19	रात के समय यानीय यातायात का आवागमन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित।
20	फर्मों, कॉर्पोरेटों और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन और मुर्गीपालन की स्थापना।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार विनियमित। स्थानीय किसानों द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उचित सावधानियां बरतना।
21	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या अपशिष्टों का निस्सरण।	उपचारित अपशिष्ट जल या अपशिष्टों को जल निकायों में जाने से रोका जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा, अनुपचारित अपशिष्ट जल या अपशिष्टों के निस्सरण को लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
23	कृषि या अन्य उपयोग के खुला कुआँ, बोरवेल आदि।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित। इस क्रियाकलाप की नियामक प्राधिकरण द्वारा कड़ी मानीटरी की जानी चाहिए।
24	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
25	विदेशी प्रजातियों का समावेशन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
26	पारिस्थितिकी-पर्यटन	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
27	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
28	कृषि प्रणालियों में व्यापक परिवर्तन	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
29	होटल और लॉज के परिसर की बाड़ लगाना	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
30	वायु, यानीय और ध्वनि प्रदूषण	लागू विधियों के अनुसार विनियमित।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
31	वर्षा जल संचय।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
32	जैविक खेती।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।

IndiaCode

33	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
34	कुटीर उद्योग जिसमें ग्रामीण कारीगर आदि शामिल हैं।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
35	नवीकरणीय ऊर्जा एवं ईंधन का उपयोग।	यह बायो-गैस, सौर प्रकाश आदि को सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
36	कृषि-वानिकी।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
37	बागवानी और औषधीय पौधों का रोपण।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
38	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
39	कौशल विकास	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
40	अवक्रमित भूमि/वन/पर्यावास की बहाली।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।
41	पर्यावरणीय जागरूकता।	यह सक्रिय रूप से संवर्धित किया जाएगा।

5.मॉनीटरी समिति. — इस अधिसूचना की प्रभावी मॉनीटरी हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा पर्यावरण अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन गठित एक समिति होगी, जिसे मॉनीटरी समिति के नाम से जाना जाएगा, जिसमें नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे, अर्थात्. —

क्र.स.	**मॉनीटरी समिति के घटक**	**पदनाम**
1	**2**	**3**
1	प्रमंडलीय आयुक्त, राजस्व प्रमंडल पटना	अध्यक्ष, पदेन;
2	जिलाधिकारी, रोहतास एवं कैमूर	सदस्य, पदेन;
3	वन संरक्षक, कैमूर वन्यजीव अभयारण्य	सदस्य, पदेन;
4	वन्यजीव या पर्यावरण (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधि, जिसे बिहार राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर प्रत्येक तीन वर्ष में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य;
5	पारिस्थितिकी या पर्यावरण के क्षेत्र में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय या संस्था का कोई विशेषज्ञ, जो बिहार राज्य सरकार द्वारा समय -समय पर प्रत्येक तीन वर्ष में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य;
6	खनन और भूविज्ञान विभाग के प्रतिनिधि, बिहार सरकार	सदस्य, पदेन;
7	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जिला रोहतास एवं कैमूर	सदस्य, पदेन;
8	क्षेत्रीय अधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना, बिहार	सदस्य, पदेन;
9	राज्य नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रतिनिधि, जिला रोहतास	सदस्य, पदेन;

	एवं कैमूर	
10	राज्य कृषि विभाग के प्रतिनिधि, जिला रोहतास और कैमूर	सदस्य, पदेन;
8	प्रमंडलीय वन पदाधिकारी, कैमूर	सदस्य, पदेन;
9	प्रमंडलीय वन पदाधिकारी, रोहतास	सदस्य सचिव, पदेन।

6. मॉनीटरी समिति के कृत्य. —निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी:

(1) मॉनीटरी समिति, वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट स्थितियों के आधार पर, उन क्रियाकलापों को, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित है और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, की संवीक्षा करेगी, और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरणीय अनापत्ति के लिए, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण को निर्दिष्ट करेगी ।

(2) उन क्रियाकलापों की जो तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना सं0 1533(अ) के द्वारा तत्कालीन पर्यावनण एवं वन मंत्रालय में भारत सरकार की अधिसूचना की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है और पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते है, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, मॉनीटरी समिति द्वारा वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट स्थितियों के आधार संवीक्षा की जाएगी और संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) मॉनीटरी समिति का सदस्य-सचिव या कलेक्टर या संबद्ध उप वन संरक्षक, इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(4) मॉनीटरी समिति मामले-दर-मामला आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए विभाग से प्रतिनिधि या विशेषज्ञ, उद्योग संगमों से प्रतिनिधि या संबद्ध पणधारियों को आमंत्रित कर सकेगी।

(5) मॉनीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक की अवधि के लिए अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष 30 जून तक उस राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को इस अधिसूचना के उपाबंध IV में विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में प्रस्तुत करेगी।

(6) केन्द्रीय सरकार, मॉनीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए लिखित रूप में ऐसे निदेश दे सकेगी, जो वह उचित समझे।

7. अतिरिक्त उपाय. —केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हो, विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

8. न्यायालय के आदेश. —इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित या पारित किए जाने वाले आदेशों, यदि कोई हों, के अध्यधीन होंगे।

उपाबंध I


कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के आसपास के पारिस्थितिक संवेदी जोन का सीमा विवरण

उत्तर	पारिस्थितिक संवेदी जोन के उत्तर में भाभू (कैमूर) और रोहतास जिले के क्षेत्र हैं, अर्थात् चानीपुर, भगवानपुर, चेनारी, रायपुर चोर।
उत्तर -पूर्व	पारिस्थितिक संवेदी जोन के उत्तर-पूर्व में रोहतास जिले के क्षेत्र हैं, अर्थात् दरिगांव, सासाराम, जमुहारी,

	धौधर, तिलौथू पूर्व।
पूर्व	पारिस्थितिक संवेदी जोन के पूर्व में रोहतास जिले के इंद्रपुरी चंदनपुरा, तुम्बा, तेलकप, बंजारी क्षेत्र स्थित हैं।
दक्षिण - पूर्व	पारिस्थितिक संवेदी जोन के दक्षिण-पूर्व में रोहतास जिले के क्षेत्र हैं, अर्थात् रोहतास, अकबरपुर, दारानगर, भुरवा, पिपरडीह।
दक्षिण	पारिस्थितिक संवेदी जोन के दक्षिण में रोहतास जिले के परचा, जदुनाथपुर, जरादाग और सोन नदी के किनारे झारखंड की सीमा स्थित है
दक्षिण -पश्चिम	पारिस्थितिक संवेदी जोन के दक्षिण-पश्चिम में उत्तर प्रदेश के महुली, गोराहा, मदापा, दरेवा, वरवारी क्षेत्र स्थित हैं।
पश्चिम	पारिस्थितिक संवेदी जोन के पश्चिम में उत्तर प्रदेश के क्षेत्र आते हैं, जिनके नाम हैं - धोबी, खलियारी, दारमा, जमसोत।
उत्तर -पश्चिम	पारिस्थितिक संवेदी जोन के उत्तर-पश्चिम में उत्तर प्रदेश के क्षेत्र हैं, अर्थात्, नौगढ़ झील, काशी जोर, करकटगढ़, छितमपुर।


उपाबंध II क

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और उसके पारिस्थितिक संवेदी जोन की अवस्थिति दर्शाने वाला जिला मानचित्र




उपाबंध II ख

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और उसके पारिस्थितिक संवेदी जोन का टोपोशीट मानचित्र




उपाबंध II ग

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के आसपास के पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध II घ

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और उसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले गाँवों को दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध III

कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के सीमांत भू-समन्वय

क्षेत्र	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु की अवस्थिति	अक्षांश (उ)	देशान्तर (पू)
1. चेनारी रेंज	शेरगढ़ (निर्जन) पी.एफ	उत्तर	24°50'36.63"उ	83°44'2.40"पू
	उरदगा पीएफ	उत्तर	24°50'15.32"उ	83°45'1.64"पू
	भुरकुरा पीएफ	उत्तर	24°49'58.43"उ	83°46'44.13"पू
	औरैया पीएफ	उत्तर	24°50'18.91"उ	83°48'10.47"पू
	मार्पा (निर्जन)	उत्तर	24°50'20.53"उ	83°50'29.57"पू
	कुसुम्हा पीएफ	उत्तर	24°50'4.50"उ	83°52'10.09"पू
	खारी घाट (निर्जन)	उत्तर	24°49'47.13"उ	83°53'8.84"पू
	नरवा (निर्जन)	उत्तर	24°49'26.82"उ	83°54'26.07"पू
	चपरी	उत्तर	24°46'56.83"उ	83°55'44.13"पू
2. सासाराम रेंज	गोरिया	उत्तर	24°49'12.06"उ	83°55'41.92"पू
	रामगृह (निर्जन)	उत्तर-पूर्व	24°51'12.55"उ	83°57'43.33"पू
	पालनगढ़ (निर्जन)	उत्तर-पूर्व	24°52'27.11"उ	83°58'52.27"पू
	जवारह	उत्तर-पूर्व	24°53'48.97"उ	84° 0'14.47"पू
	महुआ डिहरा	उत्तर-पूर्व	24°55'0.12"उ	84° 2'43.64"पू
	महुआ डिहरा	पूर्व	24°51'45.73"उ	84° 4'22.43"पू
	महुआ डिहरा	पूर्व	24°50'58.93"उ	84° 1'6.31"पू
	गोरिया	पूर्व	24°48'58.33"उ	84° 0'9.23"पू
3. डेहरी रेंज	चुरेसर	पूर्व	24°47'19.39"उ	83°58'56.78"पू
	रामपुर	पूर्व	24°46'58.28"उ	84° 1'5.55"पू
	चुरेसर	पूर्व	24°45'55.53"उ	84° 0'5.12"पू
	कछूहार	पूर्व	24°43'2.42"उ	83°59'30.43"पू
	कछूहार	पूर्व-दक्षिण	24°40'15.78"उ	83°56'49.63"पू
4. रोहतास रेंज	कौरियारी	पूर्व-दक्षिण	24°43'5.84"उ	83°53'0.01"पू
5. चेनारी रेंज	चपरी	दक्षिण	24°45'17.83"उ	83°55'1.48"पू
	नरवा	दक्षिण	24°44'38.17"उ	83°51'49.30"पू
6. रोहतास रेंज	बुधुआ	पूर्व-उत्तर	24°42'34.49"उ	83°52'0.41"पू
	कौरियारी	पूर्व-उत्तर	24°40'12.41"उ	83°53'50.30"पू

IndiaCode

	रोहतास	पूर्व	24°38'19.27"उ	83°56'53.03"पू
	रोहतास	पूर्व-दक्षिण	24°36'17.47"उ	83°51'15.22"पू
	रेहल	दक्षिण	24°37'5.62"उ	83°50'43.62"पू
	रेहल	दक्षिण	24°37'6.39"उ	83°49'14.53"पू
	रेहल	दक्षिण	24°37'41.86"उ	83°48'37.06"पू
		दक्षिण-पूर्व	24°36'44.32"उ	83°46'32.10"पू
		दक्षिण-पूर्व	24°35'42.60"उ	83°46'35.10"पू
		दक्षिण-पूर्व	24°36'4.11"उ	83°47'46.73"पू
	डुमरिया	दक्षिण	24°34'27.48"उ	83°47'35.44"पू
	बानुआ	दक्षिण	24°33'55.76"उ	83°47'21.29"पू
	तिउरा	दक्षिण	24°33'7.79"उ	83°46'34.97"पू
		दक्षिण	24°34'45.08"उ	83°44'35.20"पू
		दक्षिण	24°34'12.36"उ	83°42'25.91"पू
		दक्षिण	24°33'25.67"उ	83°40'59.90"पू
	नावाडीहखुर्द	दक्षिण	24°31'37.54"उ	83°41'6.31"पू
	अमहुआँ	दक्षिण	24°31'48.75"उ	83°39'47.85"पू
	मधकुपिया	दक्षिण	24°31'36.59"उ	83°38'46.57"पू
	मटियावां	दक्षिण	24°31'29.75"उ	83°37'44.69"पू
	नावाडीह कलां	दक्षिण	24°31'43.36"उ	83°36'58.89"पू
	जदुनाथपुर	दक्षिण	24°31'49.20"उ	83°35'36.04"पू
	बेल्दुरिया	दक्षिण-पश्चिम	24°32'9.32"उ	83°33'17.28"पू
	जरादाग	दक्षिण-पश्चिम	24°31'49.96"उ	83°30'9.24"पू
	जरादाग	दक्षिण-पश्चिम	24°32'27.49"उ	83°29'58.88"पू
	जरादाग	दक्षिण-पश्चिम	24°32'55.54"उ	83°31'25.87"पू
		कैमूर जिला		
1. अधौरा रेंज	डुमुरुका	दक्षिण- पश्चिम	24°32'50.60"उ	83°31'22.61"पू
	चुमुरुका	दक्षिण- पश्चिम	24°34'45.58"उ	83°31'57.18"पू
	परारी	दक्षिण- पश्चिम	24°36'12.55"उ	83°31'29.72"पू
	मरापा	पश्चिम	24°37'23.03"उ	83°32'56.49"पू

IndiaCode

	हरभोग	पश्चिम	24°39'11.98"उ	83°30'19.22"पू
	कोल्हुआ	पश्चिम	24°41'40.47"उ	83°30'31.95"पू
	सिकरवार	पश्चिम	24°42'52.97"उ	83°29'15.50"पू
	पिपरी	पश्चिम	24°44'17.87"उ	83°29'36.97"पू
2. भभुआ रेंज	डुमरकोन	पश्चिम	24°44'18.64"उ	83°27'29.15"पू
	अमहरा	पश्चिम	24°47'9.90"उ	83°23'41.43"पू
3. चैनपुर रेंज	झरिया	पश्चिम	24°50'53.99"उ	83°23'10.62"पू
	करकटगढ़	पश्चिम	24°55'51.59"उ	83°22'6.81"पू
	भालूबुरान	उत्तर-पश्चिम	24°58'35.22"उ	83°20'48.16"पू
	मझिगावां	उत्तर	24°58'58.39"उ	83°27'35.10"पू
4. भभुआ रेंज	चुआन	उत्तर	24°58'58.92"उ	83°29'43.48"पू
	पौरा	उत्तर	24°59'10.35"उ	83°33'51.36"पू
	मकरीखोह	उत्तर	24°55'59.25"उ	83°34'44.68"पू
	बरवांकलां	उत्तर	24°54'37.75"उ	83°39'2.42"पू

IndiaCode

उपाबंध IV

पारिस्थितिकी संवेदी जोन के सीमांत भू-निर्देशांक

आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	24.98788056	83.34752222
2	24.99223889	83.35001389
3	24.99686389	83.352475
4	25.009375	83.34990833
5	25.01003889	83.36338056
6	25.01140278	83.36896944
7	25.01318056	83.37696667
8	25.01714722	83.38081111
9	25.01649167	83.38875278
10	25.01503889	83.39213056
11	25.01726389	83.39605278
12	25.01803056	83.39990833
13	25.02020278	83.40100278
14	25.020925	83.415625
15	25.01846389	83.42173889
16	25.01674167	83.42433056
17	25.01711667	83.42690278
18	25.01921389	83.42866944
19	25.01923056	83.43385278
20	25.01353333	83.43343333
21	25.01338056	83.43611111
22	25.01978611	83.43808611

23	25.01891111	83.452425
24	25.01454722	83.45135556
25	25.01004167	83.454925
26	25.00883889	83.46089444
27	25.01181944	83.46157778
28	25.01163889	83.46763056
29	25.00458056	83.46668333
30	24.99636389	83.474025
31	24.99769722	83.47600833
32	25.00711667	83.47778333
33	25.01260833	83.48115556
34	25.00401389	83.48040556
35	25.00206944	83.49569722
36	25.00515278	83.49749722
37	25.01262222	83.51075556
38	25.02992222	83.50967778
39	25.02738333	83.51775833
40	25.01195556	83.51536389
41	25.01219167	83.52171944
42	25.02149722	83.52884444
43	25.00896111	83.53296389
44	25.01793889	83.53771111
45	25.01154167	83.55948056
46	25.0012	83.55865556
47	25.00276944	83.56411944
48	25.00603889	83.56893056
49	25.00301389	83.58399167
50	24.988675	83.58993333
51	24.99444722	83.59941111
52	24.98496389	83.60159167
53	24.98224444	83.60530556
54	24.97219722	83.60244722
55	24.96833333	83.6077
56	24.95779722	83.60209167
57	24.95629167	83.59711389
58	24.95495556	83.61851389
59	24.96024444	83.62199444
60	24.95991389	83.63255556
61	24.95381944	83.63036111
62	24.94828056	83.62310833
63	24.94287778	83.61645
64	24.94131667	83.62010833
65	24.94315	83.62720833
66	24.94343056	83.63381667
67	24.93948611	83.63836944
68	24.93210278	83.63636111
69	24.92765	83.64734167
70	24.92574167	83.65217778
71	24.93332222	83.65876944
72	24.92216389	83.6603
73	24.92215	83.66951389
74	24.92028056	83.67401944
75	24.93439444	83.675575
76	24.928225	83.68552778
77	24.93215833	83.689675
78	24.94101944	83.68914444
79	24.93433889	83.69760556
80	24.93421667	83.71717778

IndiaCode

81	24.93649167	83.72848333
82	24.93028056	83.74243889
83	24.92791944	83.74664444
84	24.92193056	83.74509167
85	24.91901389	83.76518889
86	24.91209444	83.76401389
87	24.90886389	83.76612778
88	24.89765556	83.76430833
89	24.89800556	83.75298056
90	24.89959722	83.74956389
91	24.8872	83.74478333
92	24.87983889	83.74359722
93	24.87711389	83.72905278
94	24.85204722	83.71903333
95	24.84988333	83.72217222
96	24.867625	83.74905278
97	24.86560278	83.75722778
98	24.871025	83.77310556
99	24.85896944	83.77801667
100	24.87518333	83.79465
101	24.86657778	83.79308611
102	24.85934444	83.79611389
103	24.86364167	83.80086111
104	24.86526667	83.807425
105	24.86023333	83.83494444
106	24.86805556	83.83466667
107	24.85783611	83.85435
108	24.84811944	83.85733889
109	24.86388056	83.857025
110	24.87426944	83.87330833
111	24.88481944	83.87666111
112	24.89038611	83.88602778
113	24.87111389	83.89458056
114	24.860075	83.88493889
115	24.85738333	83.89263611
116	24.85118056	83.89928056
117	24.85460556	83.90795
118	24.87068056	83.91561389
119	24.86093333	83.92869444
120	24.88865556	83.93560556
121	24.888475	83.95071111
122	24.88859444	83.9686
